हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 मंत्रालय में लंबित 38.53 करोड़ का कायाकल्प...



09 पोर्टल में तकनीकी खामी से आरटीई के प्रवेश पर ...



## अवैध शराब विक्रेता जिला बदर 1 वर्ष तक रहेगा निष्कासित

**नर्मदापुरम।** जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त सुरेन्द्र लुटारे को जिला बदर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और एसडीओपी जितेंद्र पाठक के निर्देशन में कोतवाली थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है।जानकारी के अनुसार, सुरेन्द्र लुटारे (45 वर्ष), निवासी कोठी बाजार, नर्मदापुरम, लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। उसके खिलाफ अवैध शराब के 12 प्रकरण, जुआ का 1 मामला, मारपीट के 5 और छेड़छाड़ का 1 मामला दर्ज है। इन आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा 23 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत सुरेन्द्र लुटारे को 1 वर्ष की अवधि के लिए नर्मदापुरम सहित आसपास के जिलों-हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सीहोर और रायसेन-की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आदेश का विधिवत पालन करा दिया गया है। यदि इस अवधि के दौरान वह जिला बदर आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### इटारसी में पट्टा वितरण सहित हितलाभ कार्यक्रम आयोजित

# हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा संकल्पः डॉ शर्मा

इटारसी नगर पालिका में "संकल्प से समाधान" अभियान के समापन पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पट्टा वितरण सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ दिया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी में गुरुवार दोपहर संकल्प से समाधान अभियान के समापन अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पट्टा वितरण कार्यक्रम के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नायब तहसीलदार , सीएमओ रितु मेहरा, वरिष्ठ पार्षद शिवकिशोर रावत, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी जयकिशोर चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, मयंक मेहतो, सभापति पार्षद मंजीत कलोसिया, कुंदन गौर, अमित विश्वास, जिमी कैथवास, पार्षद राहुल प्रधान, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, पार्षद प्रतिनिधि रमेश धुरिया, राजकुमार यादव, हन्नू बंजारा सहित अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम में पट्टा वितरण मुख्य आकर्षण रहा। कुल 40 हितग्राहियों को पट्टे प्रदान किए गए, वहीं 22 को धारणाधिकार, 2 को लाड़ली लक्ष्मी योजना, 30 को पेंशन योजना, 15 को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना तथा 4 हितग्राहियों को संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता दी गई। इसके साथ ही अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य केवल योजनाएं चलाना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उनका वास्तविक लाभ पहुंचाना है। इटारसी में इतने बड़े स्तर पर आवेदनों का निराकरण और हितलाभ वितरण यह दर्शाता है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर विकास के लक्ष्य की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। आगे भी यह प्रयास लगातार जारी रहेंगे ताकि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के माध्यम से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिला है। हमारा प्रयास है कि शहर के हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ सरल और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, जिससे इटारसी का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

### स्वनिधि योजना में 5412 हितग्राही लाभान्वित

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका इटारसी द्वारा अब तक 5412 शहरी पथ विक्रेताओं को कुल 8 करोड़ 88 लाख रुपए का ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा चुका है। इसमें 15 हजार रुपए के 3601 हितग्राहियों को 3.74 करोड़, 25 हजार रुपए के 1336 हितग्राहियों को 2.74 करोड़ तथा 50 हजार रुपए के 475 हितग्राहियों को 2.37 करोड़ रुपए का ऋण प्रदान किया गया है। योजना का संचालन अभी भी निरंतर जारी है।

### 12,283 आवेदनों का हुआ निराकरण

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में कुल 12,283 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता अनुसार लाभ प्रदान किया गया। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित हो रहा है। हालांकि पांच दिन पहले ही इसका समापन कर दिया गया। जिसका उद्देश्य योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। समापन अवसर पर हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया।

## महीने के आखिरी में नर्मदापुरम के दिन-रात प्रदेश में सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मार्च का महीना खत्म होने को है, लेकिन इस बार गर्मी ने जाते-जाते अपने तेवर बेहद तीखे कर लिए हैं। आमतौर पर अप्रैल और मई में जिस तरह की झुलसा देने वाली गर्मी महसूस होती है, वैसा ही अहसास अब मार्च के अंतिम दिनों में ही होने लगा है। गुरुवार को नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां दिन और रात दोनों ही समय तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया।

गुरुवार को अधिकतम तापमान में अचानक उछाल दर्ज किया गया। तापमान में 2.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के बाद पारा 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन के लिए असामान्य रूप से अधिक माना जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवा ने दोपहर के समय हालात और भी कठिन बना दिए। सड़कों पर आवाजाही कम हो गई और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले।रात के समय भी गर्मी से राहत नहीं मिली। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे रातें भी गर्म बनी रहीं। आमतौर पर मार्च में रात के समय हल्की ठंडक रहती है, लेकिन इस बार लोगों को पंखे और कूलर का सहारा लेना पड़ रहा है।मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार तापमान में यह बढ़ोतरी आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है। यदि यही स्थिति बनी रही तो अप्रैल और मई में गर्मी के नए रिकॉर्ड भी बन सकते हैं। लगातार बढ़ती गर्मी का असर जनजीवन के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

दिन के समय तेज धूप और लू जैसे हालात बनने लगे हैं, जिससे हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ गया है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के व सूती कपड़े पहनें। बाहर जाते समय सिर को ढकना और धूप से बचाव करना बेहद जरूरी हो गया है।कुल मिलाकर, मार्च के अंतिम दिनों में ही इस तरह की भीषण गर्मी ने साफ संकेत दे दिए हैं कि आने वाला समय और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऐसे में लोगों को अभी से सतर्क रहने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत है।

**सावधानी के लिए सुझाव**

- दोपहर (12-4 बजे) में बाहर निकलने से बचें
- ज्यादा पानी पिएं, हल्के कपड़े पहनें
- धूप में जाते समय सिर ढकें
- बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखें

## पुलिस लाइन में वर्धमान फैब्रिक्स सुसज्जित बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पुलिस विभाग की चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के बीच जवानों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस लाइन में अत्याधुनिक वर्धमान फैब्रिक्स सुसज्जित बैडमिंटन हॉल का भव्य उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि नर्मदापुरम जोन के आईजी मिथिलेश शुक्ला ने रिबन काटकर और पट्टिका का अनावरण कर इस सुविधा को पुलिस बल को समर्पित किया। वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के सहयोग से निर्मित यह हॉल पेशेवर बैडमिंटन मैट और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था से लैस है। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआईजी प्रशांत खरे, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल उपस्थित रहे। वर्धमान फैब्रिक्स के प्लांट हेड एचएम त्रिपाठी और उनकी टीम ने भी इस महत्वपूर्ण साझेदारी के प्रतीक के रूप में शिरकत की।

### तनाव प्रबंधन और टीम वर्क का केंद्र बनेगा यह हॉल

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की ड्यूटी अनिश्चितताओं और भारी तनाव से भरी होती है, ऐसे में यह खेल परिसर न केवल जवानों के स्वास्थ्य को बेहतर रखेगा, बल्कि उनके मनोबल और टीम वर्क को बढ़ाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। वर्ष 2025-26 की पट्टिका के साथ यह हॉल अब पुलिस बल के कल्याण और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक प्रमुख केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में आज शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति

**रामनवमी का आयोजन होगा, भंडारा कल होगा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के समीप बांद्राभान रोड पर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में चल रहे शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति शुक्रवार को होगी। जबकि शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश व्यासपीठ संघ के अध्यक्ष अरविंदाचार्य ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान नियमित रूप से आहुतियां दी गई। यज्ञ के समापन दिवस पर शुक्रवार को यज्ञ के साथ ही भगवती का सहस्त्रार्चन भी होगा।

जबकि दोपहर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा इस दौरान भगवान राम की जन्म स्तुति के साथ ही पूजन और आरती होगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आयोजन में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने वाले दो प्रतिष्ठानों पर पुलिस की गाज गिरी

**चेतावनी के बावजूद सड़क पर रखा सामान, बीएनएस धारा 285 के तहत मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़कों पर होने वाले अवैध अतिक्रमण को हटाने नर्मदापुरम पुलिस अब सख्त रुख अपना रही है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, सार्वजनिक मार्ग बाधित करने वाले दो प्रमुख प्रतिष्ठानों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### चेतावनी के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

जानकारी के अनुसार, 24 मार्च को थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर और पुलिस टीम द्वारा सतरास्ता से इंदिरा चौक होते हुए अस्पताल तिराहे तक रोड पेट्रोलिंग की गई थी। इस दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी दुकानदारों को स्पष्ट हिदायत दी गई थी कि वे सड़क पर कूलर, फ्रिज या अन्य व्यावसायिक सामग्री रखकर मार्ग अवरुद्ध न करें। पुलिस ने चेतावनी दी थी कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### इन दुकानों पर हुई कार्यवाही

हिदायत के बावजूद, 25 मार्च को जब पुलिस टीम पुनः पैदल पेट्रोलिंग पर निकली, तो पाया कि कुछ दुकानदारों ने सड़क पर दोबारा अतिक्रमण कर लिया है। शिव फर्नीचर और अनिल बूट हाउस के संचालकों द्वारा सड़क पर स्टैंड, कूलर और खाली खोखे रखकर जनसामान्य के आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही थी।

### बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज

समझाइश की अवहेलना करने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और जल्द ही चालान न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**इनका कहना है**

यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। व्यापारियों से अपील की गई है कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें ताकि आम नागरिकों और यातायात में कोई असुविधा न हो।

**कंचन सिंह ठाकुर**, थाना प्रभारी कोतवाली

## एमपीसीए अंडर-15 बालिका क्रिकेट ट्रायल आज से

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर द्वारा सीजन 2026-27 के लिए अंडर-15 बालिका वर्ग की चयन प्रक्रिया 27 और 28 मार्च को आयोजित की जा रही है। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि यह ओपन ट्रायल स्थानीय स्तर पर आयोजित होगा, जिसमें नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिले की बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगी। खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होना अनिवार्य है। सभी खिलाड़ियों को अपने अभिभावकों के साथ 27 मार्च सुबह 9 बजे रिपोर्ट करना होगा।

**भूमिगत जल स्तर बढ़ाने नप की कवायद प्रारंभ, बरसात के बाद लाभ मिलेगा**

# 50 सार्वजनिक हैंडपंपों के समीप नप बना रही सोख्ता टैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण सहित भूजल स्तर बढ़ने के कार्य किये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक हैंडपंपों के समीप सोख्ता टेंक बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। सोहागपुर नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक मध्य प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाना है।



जिसके अंतर्गत परंपरागत जल स्त्रोतों सहित मानव निर्मित जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य मुख्य रूप से किया जाना है। इसके अंतर्गत नदी व बावड़ी की सफाई एवं उद्धार, हैंडपंपों का संधारण आदि कार्य मुख्य रूप से किये जा रहे हैं। इसके अलावा भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिए भी नगर परिषद की ओर से सतत रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत सार्वजनिक हैंडपंपों के समीप सोख्ता टेंक बनाने का कार्य सतत रूप से जारी है। ये सभी कार्य शहरी क्षेत्र में 30 जून 2026 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य अभियान अंतर्गत निर्धारित किया गया है।

### आधे हैंडपंप बंद

वहीं नगर परिषद सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के 50 सार्वजनिक हैंडपंपों में से लगभग आधे चालू हालत में हैं। शेष हैंडपिबंद पड़े हैं। मामले में एचएल परते ने बताया कि बंद हैंडपंपों के सुधार का कार्य भी किया जाएगा। फिलहाल प्राथमिकता के आधार पर जिन बंद हैंडपंपों में अल्प समय में सुधार कार्य हो रहा है, उन्हें शीघ्र सुधारा जा रहा है। बाकी कुछ हैंडपंपों में पानी का स्तर काफी नीचे है तथा पाइपलाइन उतनी गहराई तक नहीं है। अतः पाइप बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद बंद हैंडपंपों के आसपास भी सोख्ता टैंक बनाए जाएंगे।

### बनाने होंगे 50 टैंक

मामले में नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर तथा योजना शाखा से एचएल परते ने बताया कि शहर में लगभग 50 सार्वजनिक हैंडपंप हैं। जिनके समीप पिछले चार-पांच दिनों में सोख्ता टेंक खोदे जाने की प्रक्रिया चालू है। फिलहाल लगभग 10 सार्वजनिक हैंडपंपों के समीप सोख्ता टेंक खोदे गए हैं। लेकिन नागरिकों की मांग है कि सभी हैंडपंपों के लिये सोख्ता टेंक बनाए जाएं। नप से प्राप्त जानकारी अनुसार शेष हैंडपंपों पर भी टेंक बनाए जाएंगे। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल के बाद बारिश में इ टेंकों की उपयोगिता सिद्ध होगी जब कचचे टेंकों के माध्यम से बरसाती पानी अधिक मात्रा में भूमि में जाएगा, जिसके भूमिगत जल स्तृ में वृद्धि होगी। इसमें जन सहयोग की अपेक्षा सीएमओ शर्मा ने की है।

**ईंट, बोल्डर व रेत का उपयोग**

नगर परिषद योजना शाखा से एचएल परते ने बताया कि सभी सोख्ता टैंक लगभग तीन फीट गहरे तथा इतनी ही लंबाई व चौड़ाई के बनाए जा रहे हैं। इन टैंक में सबसे नीचे ईंट के टुकड़े डाले जा रहे हैं। इसके बाद बजरा, रेत व बोल्डर या गिट्टी डाली जाएगी। ताकि गंढा अथवा मिट्टीयुक्त बरसाती पानी यदि इन गड्ढों में जाता है तो ईंट टुकड़े, बोल्डर, रेत व बजरा फिल्टर का कार्य करेंगे तथा पानी की गंदगी ऊपर ही रह जाएगी। काफी हद तक साफ पानी सोख्ता टेंकों के माध्यम से जमीन में जाएगा। और इस तरह से साफ पानी के माध्यम से भूमिगत जलस्तर की बढ़त होगी।

**सफलता के प्रयास**

जल गंगा संवर्धन अभियान को सोहागपुर शहर में सफल बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। फिलहाल सार्वजनिक हैंडपंपों पर सोख्ता टैंक बनाए जा रहे हैं।

**धर्मेंद्र शर्मा**, सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर

## 60 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण 29 को

**इटारसी।** श्री महावीर जैन स्कूल में स्वर्गीय प्रेमचंद जैन दिल्ली वाले की पावन स्मृति में उनकी धर्मपत्नी कुसुम देवी जैन द्वारा लगभग 60 लाख रुपये की लागत से भव्य विकास कार्य कराए हैं। इन कार्यों के अंतर्गत नवनिर्मित विशाल मंच एवं आधुनिक ऑफिस का लोकार्पण 29 मार्च को किया जाएगा। इस समारोह में सम्मिलित होने के लिए कुसुम देवी जैन के ज्येष्ठ पुत्र राजेंद्र कुमार जैन दिल्ली से विशेष रूप से इटारसी आ रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्री महावीर जयंती के पावन अवसर पर रात्रि 8:30 बजे विद्यालय परिसर में किया है। लोकार्पण के साथ ही इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। श्री महावीर जैन समिति एवं श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति ने शहर के सभी नागरिकों से इस लोकार्पण समारोह में उपस्थित होने का भावपूर्ण निवेदन किया है।

## खबर संक्षेप

### सीएमओ नवनीत पांडे ने संभाला प्रभार



**बैतूल।** बीते लगभग एक माह से बैतूल नगरपालिका में स्थायी सीएमओ के नहीं होने से नगर पालिका के कामकाज रुके पड़े थे, आखिरकार आज गुरुवार को बैतूल नगरपालिका को स्थायी सीएमओ मिल ही गया। वर्तमान में घोड़ाडोंगरी के प्रभारी सीएमओ एवं संयुक्त संचालक कार्यालय नर्मदापुरम में सहायक संचालक नवनीत पांडे को बैतूल नपा के सीएमओ का प्रभार कलेक्टर ने सौंप दिया। गुरुवार को उन्होंने बैतूल पहुंचकर नपा की कमान संभाल ली। गौरतलब है कि विगत 26 फरवरी को नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया को निलंबित किए जाने के बाद से बैतूल नपा बिना सीएमओ के ही चल रही थी। अस्थायी तौर पर बैतूल एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह को सीएमओ नपा बैतूल व परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल का प्रभार सौंप दिया गया था। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग भोपाल के आयुक्त संकेत भोंडवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### लोक अदालत में कर जमा करने पर अधिभार में मिल रही छूट

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा संपत्ति कर एवं जलशुल्क के बकायादारों को अधिभार में छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट 25 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2026 तक आयोजित लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है। नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक ने समस्त भवन एवं भू-स्वामियों से अपील की गई है कि वे इस अवधि के दौरान लोक अदालत में उपस्थित होकर अपना बकाया कर जमा करें और अधिभार में छूट का लाभ उठाएं।

### रामनवमी पर बड़गांव में परचरी पुराण के समापन पर विशाल भंडारा आज

**बैतूल।** रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को जिले के ग्राम बडग़ांव में संत श्री सिंगाजी महाराज की पावन परचरी पुराण के समापन के साथ विशाल भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। संत श्री सिंगाजी गवली समाज संगठन जिला अध्यक्ष भूरा यादव, मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य नाथूराम पोटे, के. पाटनकर एवं रमेश येवले ने बताया कि इस कार्यक्रम में संत सिंगाजी महाराज की महिमा का गुणगान, धार्मिक प्रवचन एवं समाज उत्थान से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर परचरी पुराण समापन एवं भंडारा प्रसादी में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल पटेल प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सखाराम यादव आदि रहेंगे उपस्थित।

## नहरों का कायाकल्प: बजट मिलने पर शुरू होंगे काम

# मंत्रालय में लंबित 38.53 करोड़ का कायाकल्प, स्वीकृति का इंतजार...!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

जल संसाधन विभाग ने जिले के 52 जलाशयों की नहरों के सुधार और कायाकल्प की योजना बनाकर शासन को भेजी थी, लेकिन बजट स्वीकृत नहीं हो सका। बजट के अभाव में नहरों का सुधार और कायाकल का कार्य अटका हुआ है। बता दे कि यह योजना पिछले एक साल से बजट स्वीकृति का इंतजार कर रही है। इस योजना में जिले के बैतूल डिवीजन की 40 और मुलताई डिवीजन की 12 नहरे यानि बैतूल, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही, भीमपुर, शाहपुर, चिचोली, आठनेर और मुलताई विकासखंड के कुल 52 जलाशयों की नहरों को शामिल किया गया है। इन जलाशयों की नहरें लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। कई जगह नहरों की दीवारें टूट चुकी हैं और पानी का रिसाव लगातार हो रहा है। अब तक विभाग को नहरों की मरम्मत के लिए बहुत सीमित बजट मिलता था, जिससे केवल नहरों की सफाई जैसे सामान्य कार्य ही हो पाते थे। नहरों की संरचनात्मक मरम्मत नहीं होने के कारण रबी सीजन में जब पानी छोड़ा जाता है तो काफी मात्रा में पानी रास्ते में ही बर्बाद हो जाता है और अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता। जिससे किसान फसलों को पर्याप्त पानी नहीं दे पाते और परिणाम स्वरूप उत्पादन कम होता है।



### 38 करोड़ 53 लाख का बनाया था प्रस्ताव

जल संसाधन विभाग ने जिले की 52 नहरों के सुधार, कायाकल्प और पक्कीकरण के लिए करीब एक वर्ष पहले 38 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था, लेकिन राशि जारी नहीं हो पाई है। इससे नहर सुधार कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। विभाग के अनुसार इस परियोजना से लगभग 4,151 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा विकसित होगी। जिससे हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यदि इस योजना पर काम शुरू होता है तो टेल एरिया के किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। अभी नहरों की खराब स्थिति के कारण अंतिम छोर के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है, जिससे किसानों को वैकल्पिक सिंचाई साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

### बजट का इंतजार, टेल एरिया के किसानों को मिलेगी राहत

विभागीय के मुताबिक नहर सुधार योजना की फाइल मंत्रालय तक पहुंच चुकी है और प्रक्रिया में है। अधिकारियों का कहना है कि यह योजना आरआरआर (रीपेयर, रेनोवेशन एंड रिस्टोरेशन) मद के तहत तैयार की है। बजट स्वीकृति के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर सहमति जरूरी है। दोनों की मंजूरी मंजूरी मिलने के बाद ही राशि जारी होगी और इसके बाद ही काम शुरू हो सकेगा। बताया जा रहा है कि नहरों के सुदृढ़ीकरण के बाद किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा और टेल एरिया में पानी नहीं मिलने जैसी समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी। फिलहाल विभाग बजट के स्वीकृति का इंतजार कर रहा है। जैसे ही बजट मिलेगा, योजना पर काम शुरू हो जाएगा।

### आगामी रबी सीजन में एक लाख सिंचाई का लक्ष्य

जल संसाधन विभाग के अनुसार बैतूल-मुलताई डिवीजन में आगामी रबी सीजन के लिए लगभग 1 लाख हेक्टेयर सिंचाई का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें 74,115 हेक्टेयर क्षेत्र नहरों के माध्यम से और 25,885 हेक्टेयर क्षेत्र माइक्रो इरिगेशन प्रणाली से सिंचित करने की योजना है। वर्धा और पारसडोह जलाशयों से माइक्रो इरिगेशन के माध्यम से सिंचाई का विस्तार किया जाएगा, जबकि घोघरी जलाशय से पहली बार 7 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का परीक्षण प्रस्तावित है। इसके लिए मैदानी स्तर पर इंजीनियरों और एसडीओ की जिम्मेदारी तय की जाएगी, ताकि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। योजना पूरी होने के बाद न केवल सिंचाई क्षमता बढ़ेगी बल्कि पानी की बर्बादी भी रुकेगी।

### स्वीकृत होना है

नहरों के सुधार, मरम्मत एवं नहर पक्कीकरण के लिए आरआरआर मद में शासन से 38.53 करोड़ रुपए की अनुशंसा की गई है। संभावना है कि आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में इसे स्वीकृति मिल जाये। दरअसल इसमें केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से बजट स्वीकृत होना है।

- रोशन कुमार सिंह,
ईई जलसंसाधन विभाग

## महाराष्ट्र से राजस्थान जा रहा था ट्रक

# बैतूल-भोपाल हाईवे पर ट्राला पलटा, लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शाहपुर



बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर बरेठा घाट के पास गुरुवार दोपहर ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। महाराष्ट्र से राजस्थान जा रहे बिनौले की खली से भरे इस वाहन में पलटने के बाद आग लग गई। हालांकि, इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, ट्राला चढ़ाई चढ़ते समय अचानक पीछे की ओर खिसक गया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। आशंका है कि इसी दौरान फ्यूल पाइप फटने से ट्राले में आग लग गई। हादसे के वक्त ट्राले में चालक शिवनाथ (निवासी नागौर, राजस्थान) अकेला मौजूद था। आग लगने से ट्राले के सभी टायर और इंजन का हिस्सा पूरी तरह जल गया। गनीमत रही कि ट्रक पलटने के दौरान अधिकांश खली बाहर गिर जाने के कारण आग की चपेट में आने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शाहपुर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सड़क पार करते समय हुआ हादसा

# सड़क पार कर रही वृद्धा को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक सडक़ हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना ग्राम खेड़ीसावलीगढ़ बस स्टैंड के पास सुबह करीब 9 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, खेड़ी के पांढरीढाना निवासी सुन्दा बाई (65) सडक़ पार कर रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित खुद ही खेड़ी पुलिस चौकी पहुंच गया, जहां पुलिस ने उसे अभिरक्षा में ले लिया। सूचना मिलते ही आरक्षक ओमप्रकाश यदुवंशी मौके पर पहुंचे और 112 वाहन की मदद से घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला का उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुन्दा बाई मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। उनकी मौत से परिवार को गहरा आघात लगा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक चालक से पूछताछ जारी है।

# नगरपालिका की पीआईसी की बैठक संपन्न, 57 प्रस्तावों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

नपा की पीआईसी की बैठक गुरूवार को बाल मंदिर सभा कक्ष में आयोजित की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में एजेंडे के 57 बिंदुओं पर चर्चा की गई। विभिन्न निर्माण कार्यों, मरम्मत, सामग्री क्रय और भुगतान से जुड़े प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

नपा बैतूल की अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर, पीआईसी मेंबर्स में नीतेश (पिंटू ) परिहार, सभापति रघुनाथ लोखंडे, विकास प्रधान, रेणुका यादव, तरुण ठाकरे , राजेश पानकर आदि अन्य सभापति एवं नगरपालिका के कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नए कार्यों को भी हरी झंडी दे दी गई। बैठक में विभिन्न वार्डों से जुड़े निर्माण और मरम्मत कार्यों के साथ-साथ पूर्व में कराए गए कार्यों के भुगतान प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। साथ ही आवश्यक सामग्री की खरीदी के प्रस्ताव



भी पारित किए गए। इसके अलावा बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-बजट, जल प्रदाय शाखा के लिए 2026-27 के लिए पोकलेन मशीन किराए से लेने, अमृत 2.0 में वूमन फार ट्री के अंतर्गत किए जाने वाले पौधरोपण में प्रोत्साहन राशि पचास रुपए दिए जाने एवं शहर के दो दर्जन वार्डों में सीसी वेयरिंग कोट रोड निर्माण, डामरीकरण, आरसीसी नाली निर्माण, सुलभशौचालय, सीसी रोड बनाए जाने आदि विषयों पर भी सहमति बनी।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**बैतूल।** आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति, और बाबा विश्वनाथ शिव मंदिर समिति राजेन्द्र वार्ड की बैठक गुरुवार को शिव मंदिर परिसर राजेंद्र वार्ड में आयोजित की गई। इस संबंध में अंशुल मिश्रा ने बताया कि 2 अप्रैल को भगवान श्री हनुमान जी और भारत माता की आरती 7:30 बजे उसके पश्चात भंडारा महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। ब्रजेश अक्कु मगरे और गोविंद साहू ने बताया कि इस दिन फायर शो रंगीन आतिशबाजी और अचल झांकियों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सिद्धार्थ सोनपुरे और तरुण साहू ने बताया कि उत्सव को लेकर दायित्व सौंप दिए गए हैं। समिति के विकास खातरकर ने सभी से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## रामजन्म दोपहर को, विशाल भंडारा भी

# बालाजीपुरम में चमत्कारिक चंडीयज्ञ आज

**बैतूल।** चंडी यज्ञ...एक ऐसा यज्ञ जिससे महाकाली देवी का साक्षात स्वरूप अग्नि कुंड से प्रकट होता नजर आता है। भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में यह चंडी यज्ञ इस बार पूरे पारम्परिक विधि-विधान से होगा। इसके लिए दक्षिण भारत से प्रकाण्ड पंडित बालाजीपुरम पहुंच चुके हैं। इस यज्ञ के लिए पूरे नवरात्र तैयारियों का दौर चलता रहा। बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा बताते हैं कि शुक्रवार को रामनवमी के विशेष मुहूर्त पर यह चंडी यज्ञ बालाजीपुरम के चित्रकूट धाम में वैष्णों मंदिर की यज्ञशाला में सुबह 7 बजे से आरंभ होगा। करीब 5 घंटे चलने वाले यज्ञ में दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय का पाठन आहूतियों के साथ होगा। करीब 7 लीटर घी और सवा क्विंटल हवन सामग्री इस चंडी यज्ञ में अर्पित होती है। 151 तरह की जड़ी-बूटियां इसमें स्वाहा देवी को अर्पित



होती है। हजारों रूपये की महंगी साड़ी जब अग्नि के माध्यम से मां को समर्पित होती है तब अग्नि का स्वरूप साक्षात देवीमय होता है। इस दौरान ही आप जिस कामना का संकल्प लेकर बैठते हैं मां स्वयं उपस्थित होकर उसका वरदान देती हैं। ऐसा त्वरित फलदाई यज्ञ दुर्लभ है अतः मौका मत चूकिए और 27 मार्च की सुबह 7 बजे बालाजीपुरम पहुंच जाइए। यज्ञ के बाद ठीक 12 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव और फिर कन्यादेवी भोज के साथ भंडारा होगा।

# वंदेमातरम 150 वर्ष अभियान, राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

वन्देमातरम के 150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 26 मार्च को जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का सामूहिक गायन किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र कपूर, लोकतंत्र सेनानी मोतीलाल कुशवाहा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर वंदना जाट, जिला सैनिक कल्याण




अधिकारी कैप्टन सुमित सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनमानस में देशभक्ति की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज आवश्यक है कि भावी पीढ़ी ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय गीत के महत्व को समझे तथा यह जाने कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने किन विषम परिस्थितियों में देश को आजादी दिलाई। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय गीत से प्रेरणा लेकर राष्ट्रकल्याण में सहभागी बनने का आह्वान किया। जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार ने कहा कि भावी पीढ़ी को राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज राष्ट्रीय गीत के सभी छह पदों का सामूहिक रूप से गायन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### विधिक साक्षरता शिविर 29 मार्च को

**बैतूल।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल के मार्गदर्शन में 29 मार्च को सुबह 11 बजे से शिवाजी चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में वृहद विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल सचिव शर्मिला बिलवार ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं।

# बैतूल जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण व स्वच्छता गतिविधियां संपन्न

## जल चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**बैतूल।** जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकास खंडों में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के मार्गदर्शन में व्यापक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

घोडाडोंगरी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पांडरा में मंदिर परिसर एवं हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम पांडरा के माध्यम से आयोजित किया गया। इस दौरान जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर जल चौपाल लगा कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रस्फुटन समिति व ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया एवं भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभात पट्टन विकासखंड के प्रस्फुटन ग्राम पाबल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं बीएसडब्ल्यू/ एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के सहयोग से मेंटर रोशन लोखंडे की उपस्थिति में जल स्त्रोत निर्मल नीर कूप के आसपास साफ-सफाई कर जल चौपाल आयोजित की गई। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। वहीं विकासखंड शाहपुर के ग्राम पावर झंडा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था सनराइज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं जय सेवा वेलफेयर फाउंडेशन, बरेठा ने सेक्टर ग्राम बरेठा में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू छात्र, ग्रामवासी तथा संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस पहल से राहगीरों को राहत मिलने के साथ-साथ जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता दीपचंद वर्मा एवं समिति के मनीष कुमरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों एवं अतिथियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और छोटे-छोटे प्रयासों से जल सुरक्षा सुनिश्चित करें। अभियान के माध्यम से जिलेभर में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हो रहा है और जनभागीदारी से जल स्त्रोतों के संरक्षण को नई दिशा मिल रही है।

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 39.840 लीटर शराब की बरामद

# अवैध शराब के साथ 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

मुलताई थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। इनसे अवैध शराब जब्त की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार के नेतृत्व में की गई।

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि 25मार्च को रात्रि 08.30 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना मुलताई कस्बा क्षेत्र से अलग-अलग स्थानो पर अवैध शराब बेचते पाये जाने पर आरोपी अविनाश पिता श्यामराव बचले निवासी बुकाखेडा से 14 पाव सफेद कीमती 1120 रूपये , आरोपिया मीना उर्फ गुड्डी बचले पति ताराचंद बचले निवासी कामथ से 12 पाव




मसाला कीमती 1200 रूपये, आरोपी मिथुन पिता मदनलाल पवार निवासी शास्त्री वार्ड मुलताई से 20 पाव देशी कीमती 1800 रूपये, आरोपी मनोज पिता लक्ष्मीनारायण कुशाह निवासी साहू ढाबा मुलताई से 15 पाव सफेद कीमती 1200 रूपये , आरोपी इंदल पिता भाउजी लबाड निवासी खडकबार से 15 पाव देशी मसाला कीमती 1500 रूपये, आरोप सुरेन्द्र पिता धनराज शिवहरे निवासी पटेल वार्ड मुलताई से 70 पाव देशी प्लेन कीमती 6300 रूपये आरोपी मनोज पिता रामकिशन शिवहरे निवासी इंदिरा गांधी वार्ड मुलताई से 12 पाव देशी प्लेन कीमती 960 रूपये आरोपी राजेन्द्र पिता धनराज शिवहरे निवासी पटेलवार्ड मुलताई से 30 पाव अंग्रेजी गोवा तकीममती 3300 रूपये आरोपी संतुलाल पिता धन्नू जी उइके निवासी विछुआ से 06 लीटर कच्ची महुआ कीमती 600 रूपये की कुल 39.840 ली. कुल कीमती 17980 रूपये को विधिवत जप्त किया गया । आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी अधिनियम का पृथक पृथक अपराध पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना मुलताई प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार, सउनि मांडवी. सउनि विजय जोठे, प्र.आर. दिनेश बर्डे, प्र.आर. सुशील धुर्वे प्र.आर. पुष्पा धुर्वे आर. नरेन्द्र कुशवाह, आर. प्रिंस ,आर. विवेक, म.आर. छाया की मुख्य भूमिका रही है ।

## नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

### 3 माह से फरार था इनामी बदमाश

**बैतूल।** मुलताई पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ एवं धमकी देने के प्रकरण में फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 09 जनवरी 2026 को फरियादिया ने थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 15 दिसंबर 2025 को मुलताई मेले में आरोपी लतीफ द्वारा उसकी जबरदस्ती फोटो खींची गई एवं फोटो वायरल करने की धमकी दी गई। इसके पश्चात 07 जनवरी 2026 को जब फरियादिया खेत की ओर जा रही थी, तब आरोपी के साथियों राजेश एवं मोठू द्वारा उसे रास्ते में रोककर जबरन फोन पर आरोपी लतीफ से बात कराई गई, जहां आरोपी ने उसे रात में घर आने के लिए धमकाया तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी।

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14542239H Rank- EX HAV Name- **BHOJ RAO DESHMUKH**, resident of Pratap Ward, Near Bachcha Jail, Tikari, Betul, PO- Betul, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP) Pin- 460001 have changed my Daughter's Name from **NIKITA** to **NIKITA DESHMUKH**, vide affidavit dated 26-03-2026 of 1'st Class Magistrate Distt. Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, No.- 14924533N Rank- EX SEP Name- **AJAY KUMAR BARDE** resident of vill.- Andhariya Post-Andhariya, Teh.- Amla, Distt.-Betul Pin-460551 have changed my Daughter's Name from **ANUSHKA** to **ANUSHKA BARDE** vide affidavit dated 26/03/2026 of 1'st Class Magistrate Betul, Distt. Betul (MP)

**खबर संक्षेप**

### मूंगफली-उड़द के बीज पर पूरी दी जा रही सब्सिडी



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ क्रषि अधिकारी रुपल राजपूत बनखेड़ी विकास खण्ड एवं पिपरिया वरिष्ठ क्रषि अधिकारी निराली आर्य ने बताया कि गर्मी के मोसम में मूंगफली उड़द लगाने के लिए शासन द्वारा बीज उपलब्ध कराया गया है। विकास पटेल ने बताया कि सभी के लिए बीज पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा है। तथा मूंग का बीज पर्याप्त मात्रा में दिया जाता है। मूंग का बीज 10,800 रूपए क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिसमें सामान्य किसान को 7200 रूपए का अनुदान दिया जाएगा। एस सी एस टी वर्ग के लिए मूंग 8900 रुपे किवंटल निर्धारित किया गया है।

### आरओ के नाम पर 'सादा पानी' बेचने का खेल



**इटारसी।** जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर यात्रियों की सेहत और जेब के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है। ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन के संभागीय महासचिव एडवोकेट मनोज शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि स्टॉल संचालक आरओ वाटर के नाम पर यात्रियों को सादा ठंडा पानी बेच रहे हैं। इस मामले में बुधवार को संगठन के प्रदेश महासचिव दीपक कुमार बनोरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन मैनेजर विनोद कुमार चौधरी से मुलाकात कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। चर्चा के दौरान हरीश अग्रवाल, अमित चेलानी, विक्रांत बड़कुल और मनमोहन यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यात्रियों के अधिकारों के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया गया श्रमदान

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन परिषद द्वारा किए जा रहा है। इसी क्रम में माखन नगर के ग्राम गुजरवाडा.में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में माता मंदिर परिसर में हेन्डपंप के पास श्रमदान के माध्यम से सोख्ते गड्ढे का निर्माण किया गया, जिससे परिसर में साफ सफाई रहे। इस श्रमदान के अवसर पर जनपद सदस्य एवं सभापति भगवान दास यादव, पार्षद सुरेश यादव उपस्थित रहें।

### केसला अंचल के सैकड़ों आदिवासी बच्चे शिक्षा से वंचित, अभिभावक परेशान

# पोर्टल में तकनीकी खामी से आरटीई के प्रवेश पर गहराया विकट संकट

केसला विकासखंड में आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया तकनीकी खामियों के कारण संकट में है, जिससे सैकड़ों बच्चे आवेदन से वंचित हो रहे हैं। अंतिम तिथि नजदीक होने के बावजूद पोर्टल पर कक्षाओं के विकल्प बंद होने से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी



आदिवासी विकासखंड केसला में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश प्रक्रिया गंभीर संकट में फंस गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च में अब केवल दो दिन शेष बचे हैं, लेकिन आरटीई पोर्टल पर तकनीकी खामियों के चलते अभिभावक परेशान हैं। पोर्टल पर केवल नर्सरी कक्षा का विकल्प दिखाई दे रहा है, जबकि एलकेजी, यूकेजी और कक्षा 1 के विकल्प बंद होने से 3 से 7 वर्ष तक के सैकड़ों बच्चे प्रवेश से वंचित हो रहे हैं।

इस ज्वलंत समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों और अभिभावकों ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी को ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष भी पोर्टल की खराबी के कारण कई बच्चे शिक्षा के अधिकार से महरूम रह गए थे और इस वर्ष भी वही स्थिति दोहराई जा रही है। सांसद चौधरी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और शीघ्र समाधान का ठोस आश्वासन दिया है।

#### सीटें बढ़ाने और पोर्टल सुधारने की मांग

सांसद के केसला प्रवास के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील वरकड़े, महामंत्री जगदीश बावरिया, उपाध्यक्ष दीपक मालवीय और प्रमेश मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि केसला जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में निजी विद्यालयों की संख्या पहले ही सीमित है। यदि समय रहते पोर्टल पर सभी कक्षाओं के विकल्प नहीं खुले और सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो यह आदिवासी बच्चों के भविष्य के साथ बड़ा अन्याय होगा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पोर्टल को तत्काल दुरुस्त कर आवेदन की प्रक्रिया को सुचारू बनाया जाए ताकि कोई भी पात्र बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

**समस्या की मुख्य बातें**

- केसला विकासखंड में आरटीई प्रवेश प्रक्रिया तकनीकी खामी से प्रभावित
- आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च, केवल 2 दिन शेष
- पोर्टल पर सिर्फ नर्सरी कक्षा का विकल्प उपलब्ध
- एलकेजी, यूकेजी और कक्षा 1 के विकल्प बंद
- 3 से 7 वर्ष तक के सैकड़ों बच्चे प्रवेश से वंचित होने की आशंका
- अभिभावकों में भारी नाराजगी और परेशानी

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया जोरदार स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में सुबह से ही कांग्रेस जनों में काफी उत्साह देखा गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सोपें। जिसमें प्रमुख रूप से बेरोजगार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर पंकज सोनपुरे को मनोनीत किया गया। वहीं जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पद पर प्रणाती बाछाड, जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष पद पर अशोक सोनी, जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री पद पर सचिन भाट एवं विनोद साहू , जिला सचिव पद पर मोहम्मद सरताज एवं पायल यादव को नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय ने शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र मालवीय, पूर्व पार्षद लखन राठौर, शेख रमजान, राम नारायण गौर, पूर्व एल्डरमैन पार्षद अनिल बस्तरवार, जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमल सरकार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, चंद्रकांत बहारे, प्रमोद कलोसिया, सुशील बस्तरवार, संतोष बामने,मयंक कलोसिया, सुनील डोंगरे आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## शासकीय अस्पताल की लैब में संक्रमण का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर



सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नवनिर्मित लैब के कचरे से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। क्योंकि लैब का मेडिकल वेस्ट परिसर में ही पड़ा रहता है और सफाई नहीं होती है। हरिभूमि संवाददाता को गुरुवार सुबह कुछ मरीजों एवं परिजनों ने सूचना दी कि स्वास्थ्य केंद्र की लैब में कचरा पड़ा है। संवाददाता ने मौके पर पाया कि मेडिकल वेस्ट लैब में सिरिंज, नीडिल, प्लास्टिक रैपर्स, डिस्पोजल तथा गर्भवती महिलाओं की शुगर चेक किए जाने वाली स्ट्रिप्स बिखरी पड़ी थी।

नियमानुसार मेडिकल वेस्ट को कवर्ड तरीके से डिस्पोज किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा होता है। संवाददाता ने बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर से चर्चा की। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह उन्होंने भी सफाईकर्मियों से लैब की सफाई करने की बात कही, लेकिन दोपहर बाद सफाई करने की शिकायत बीएमओ डॉ. गौर ने उस ठेका कंपनी से की, जिसके द्वारा सफाईकर्मियों को नगर के अस्पताल में तैनात किया गया है व शिफ्ट अनुसार चार सफाईकर्मी कार्य करते हैं। नागरिकों के अनुसार लैब की सफाई इतना बड़ा कार्य नहीं है कि कोई कर्मचारी ना कर पाए। वैसे भी लैब में सीमित समय में सैंपलिंग होती है।

जानकारी अनुसार बीएमओ के अलावा एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त रहता है, जिसकी जिम्मेदारी होती है कि अस्पताल का प्रबंधकीय दायित्व संभाले। लेकिन एमबीबीएस स्तर के नोडल अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं है। देखना होगा कि ठेका कंपनी कर्मी संख्या बढ़ाती है कि नहीं। वहीं नागरिकों के अनुसार रोगी कल्याण समिति के माध्यम से भी अस्पताल प्रबंधन मात्र लैब के लिए एक सफाईकर्मी नियुक्त कर सकता है।

## केसला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी



जिला शिक्षा केंद्र, नर्मदापुरम द्वारा संचालित डिजी-उड़ान पहल के अंतर्गत केसला विकासखंड में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों से 65 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुस्कान ड्रीम्स क्रिएटिव फाउंडेशन की टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के प्रतिनिधि रवीना एवं मुदित पाठक ने प्रशिक्षण का संचालन किया। कार्यक्रम जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) राजेश जायसवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीआरसीसी, बीएसी, सीएसी, एमआईएस कोऑर्डिनेटर तथा जनपद शिक्षा केंद्र केसला का सराहनीय सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूलभूत अवधारणाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसमें एआई क्या है, एआई का उपयोग क्यों आवश्यक है तथा शिक्षा के क्षेत्र में एआई का प्रभावी उपयोग कैसे किया जा सकता है। जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि एआई के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक एवं छात्र-केंद्रित बनाया जा सकता है, जिससे विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और शिक्षकों का कार्य भी अधिक सरल एवं व्यवस्थित बनेगा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को एआई टूल्स के माध्यम से पाठ योजना निर्माण, कंटेंट क्रिएशन, मूल्यांकन प्रक्रिया, डिजिटल संसाधनों का उपयोग तथा कक्षा शिक्षण को इंटरएक्टिव बनाने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही एआई के उपयोग से जुड़े नैतिक पहलुओं, संभावित चुनौतियों एवं जिम्मेदार उपयोग पर भी विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के प्रभावी चैम्पियन बनने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे कक्षा में नवाचार को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत एवं गुणवत्तापूर्ण सीखने के अवसर सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने डिजी-उड़ान पहल की सराहना करते हुए इसे शासकीय विद्यालयों में डिजिटल एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

जिला शिक्षा केंद्र, नर्मदापुरम द्वारा आगे भी अन्य विकासखंडों में इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई, जिससे अधिक से अधिक शिक्षक एआई एवं डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बना सकें।

### इटारसी में गुटके की कालाबाजारी

## नगर कांग्रेस अध्यक्ष की कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

बाजार में व्यापारी वर्ग को परेशान करने और सामान की कालाबाजारी किए जाने का मामला सामने आया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बाजार में कई जगह आवश्यक सामान का स्टॉक होने के बावजूद दुकानदारों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि वही सामान अन्य दुकानों पर अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। कन्हैया गोस्वामी ने बताया कि सबसे ज्यादा गुटके की कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही हैं। एजेंसी पर स्टॉक नहीं होने की बात कही जा रही है, लेकिन दूसरी दुकानों पर वही सामान उपलब्ध है और उसे अधिक दरों पर बेचा जा रहा है। इससे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा तभी संभव है जब या तो कुछ लोगों द्वारा स्टॉक दबाकर रखा गया हो, या फिर एजेंसी से मिलीभगत कर सामान बाद में महंगे दामों पर बाजार में उतारा जा रहा हो।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, स्टॉक की जांच कराई जाए और निर्धारित दरों पर ही सामान उपलब्ध कराया जाए, ताकि कालाबाजारी पर रोक लग सके और व्यापारियों को राहत मिल।

## वाहन रैली-भव्य शोभायात्रा का किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

मालवीयगंज स्थित श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जा रही है। उत्सव का आगाज 30 मार्च 2026, सोमवार को सुबह 9 बजे एक विशाल वाहन रैली महिला एवं पुरुष के साथ होगा, जो मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। इसके पश्चात 1 अप्रैल, बुधवार को सायं 4 बजे श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में रामायण से संबंधित स्वर्ण मृग की झांकी और फूलों के रथ पर विराजित श्री स्वप्नेश्वर हनुमान जी की चलित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ऐतिहासिक जगहें और इमारतें मुख्य कार्यक्रम 2 अप्रैल, गुरुवार हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य दिन सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। शाजापुर के खेड़ापति सुंदरकाण्ड मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। छप्पनभोग व भंडारा दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ होगा। महाआरती रात्रि 8 बजे नर्मदापुरम के पं. अविनाश मिश्रा द्वारा महाआरती संपन्न कराई जाएगी। समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इन कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखन नगर

संकल्प से समाधान अभियान'' 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक विषेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं में पात्रतानुसार लाभान्वित किये जाने हेतु कलस्टर एवं विकासखण्ड स्तर पर अभियान चरणबद्ध रूप से आयोजित किया गया। गुरुवार को विकासखण्ड स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान शिविर का आयोजन नगरपरिषद एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्तावधान में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। संकल्प से समाधान




शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सावित्रीबाई परनामे, उपाध्यक्ष लालचन्द यादव, जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव एवं हॉकमसिंह पटेल, गणपतसिंह भदोरिया एस डी एम जय सोलंकी नर्मदापुरम, महेन्द्र चौहान प्रभारी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दलहन आत्म निर्भर मिशन में नैफेड एमएसपी से खरीद रही दलहन अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

नैफेड कंपनी भारत सरकार द्वारा एम एस पी पर चना मसूर तुअर की खरीदारी कर रही है। नैफेड केंद्र विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्याके प्रबंधन राजेश पटेल ने बताया कि नैफेड अधिकारी शिव कुमार यादव के द्वारा गल्ला मंडी शेड नंबर 9मेबाबाहर की तरफ़ शुभारंभ किया गया। सरकार की गारंटी नैफेड का भरोसा दिलाया कि अब मार्केटिंग सोसायटी के माध्यम से काम प्रारंभ हो गया है। चना का एम एस पी 5875रुपे मसूर 7000रूपे तथा तुअर 8000 रुपए किवंटल निर्धारित किया गया है। तौल कांटे का पूजन किया गया। दलहन आत्म निर्भर मिशन के अंतर्गत कार्यक्रमका आयोजित किया गया है।एफ ए क्यू ही खरीदी होगी। सभी तुलावटी हम्माल भी खुश हो कर शामिल हुए। पनारी पंचायत के किसान नरेंद्र सिंह ठाकुर का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। 50किलो 600ग्राम की तुलाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया महाविद्यालय प्रतिभा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में रासेयो के राज्य स्तरीय शिविर से लौटे स्वयं सेवक मंजीत यादव तथा दीक्षा अहिरवार का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शहीदी दिवस पर सर्वप्रथम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को याद करते हुए चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इसके पश्चात स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र अपने जीवन में भगत सिंह जैसा अदम्य साहस अपनाकर आगे बढ़ सकते है, मुख्य अतिथि सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने रासेयो के स्वयं सेवकों की मेहनत पर आशीर्वाद दिया इस अवसर पर हर्ष तिवारी जन अभियान परिषद, मृदुल चौहान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ,यशवंत दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई 01 डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया तथा आभार डॉ.कविता दुबे ने दिया।

### श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का अष्टम दिवस, काफी तादाद में उमड़े धर्मप्रेमी

# अधर्म का अंत, राम राज आया: अयोध्या लौटे 'प्राण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

वह प्रतीक्षा जिसका उत्तर पूरा आर्यावर्त चौदह वर्षों से ढूंढ रहा था, आज समाप्त हो गई। लंका के मैदान में अहंकार के प्रतीक दशानन रावण का वध कर, माता सीता को मुक्त कराकर और विभीषण को न्याय का सिंहासन सौंपकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम आज अपनी जन्मभूमि अयोध्या लौट आए हैं।

उनके आगमन के साथ ही न केवल एक युग का परिवर्तन हुआ है, बल्कि लोक-कल्याणकारी 'रामराज्य' की विधिवत स्थापना हो गई है। सरयू के पावन जल से अभिषेक के पश्चात, कुलगुरु वशिष्ठ ने प्रभु श्री राम का राजतिलक किया। रत्नजड़ति सिंहासन पर आसीन होते ही उद्घोष हुआ- रामराज्य। उक्त उद्गार नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र ठाकुर श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर में 63 वें वर्ष में जारी श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत आयोजित श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर व्यासपीठ पर



विराजे श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती ने व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि श्रीराम कथा अंतर्गत महाराज जी बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। व्यासपीठ से श्रोता के रूप में उपस्थित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों को संबोधित करते हुए कथा को विस्तार देते हुए महाराज जी ने रावण वध, राक्षस कुल संहार, माता सीता का पुनः वरण, विभीषण का लंकाधिपति के रूप में राज्याभिषेक एवं पुष्पक विमान से पुनः अयोध्या पहुंचकर श्रीराम के अयोध्या में राज्याभिषेक की कथा विस्तार से सुनाई।

#### दिन में रामजन्म, शाम को शोभायात्रा

आयोजन समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि श्रीराम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को नौवें दिवस की कथा प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक होगी। उसके पश्चात मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम का भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं देर शाम 5 बजे विशाल श्रीराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः बड़ा मंदिर तुलसी चौक पर विश्राम होगी। शोभायात्रा में ढोल बाजे, डीजे, घोड़े, बग्घी, अखाड़े सहित विभिन्न चलित झाकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। अष्टम दिवस की कथा में मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, निधि चौरे, आयोजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, घनश्याम तिवारी, देवेंद्र पटेल, दिनेश सैनी, झूलण सेवा समिति एवं अन्य सामाजिक - धार्मिक संगठनों के सदस्य एवं पदाधिकारियों सहित मंदिर समिति एवं आयोजन समिति पदाधिकारियों ने महाराज श्री का व्यासपीठ पर पूजन एवं स्वागत किया। प्रवचन में हारमोनियम पर दिलीप जी, तबले पर दीपक दुबे, बैंजो पर श्रीराम जी, सहित संकटा प्रसाद मिश्र, दुर्गादत्त तिवारी एवं राहुल जी ने भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

## खबर संक्षेप

### प्रसाद काशिव को राष्ट्रीय नार्मदीय गौरव सम्मान



**हरदा।** प्रसिद्ध हारमोनियम वादक प्रसाद काशिव (बाबा काशिव), चारखेड़ा को वर्ष 2025-26 के लिए प्रतिष्ठित ₹राष्ट्रीय नार्मदीय गौरव सम्मान₹ हेतु चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 29 मार्च को नर्मदा भवन ट्रस्ट, इंदौर में आयोजित अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। नर्मदा भवन ट्रस्ट, इंदौर के प्रबंध ट्रस्टी आलोक बिल्लौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि काशिव का चयन उनके द्वारा वाद्य यंत्रों में किए गए नवाचार, व्यक्तिगत उपलब्धियों तथा विभिन्न संगीत विधाओं में विशेष दक्षता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अ.भा. नार्मदीय महासभा के अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### आज से 3 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी बंद रहेगी

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने जिले के किसानों को सूचित किया है कि कृषि उपज मण्डी हरदा में 27 मार्च से 3 अप्रैल तक कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने बताया कि 27 मार्च शुक्रवार को श्री राम नवमी, 28 मार्च शनिवार को माह का चतुर्थ शनिवार, 29 मार्च को रविवार, 30 मार्च सोमवार को व्यापारिक लेखाबंदी व बैंक क्लोजिंग, 31 मार्च मंगलवार को महावीर जयंती, 1 अप्रैल बुधवार को बैंकों द्वारा लेन-देन नहीं करने, 2 अप्रैल गुरूवार को श्री हनुमान जयंती तथा 3 अप्रैल को गुड फ्रायडे का अवकाश होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने किसानों से अपील की है कि वे अपनी कृषि उपज 27 मार्च से 3 अप्रैल तक विक्रय हेतु नहीं लावें।

### अवैध मदिरा के 10 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने वृत टिमरनी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 टिमरनी, छिदगांवमेल ढाबा, सोडलपुर, मनियाखेड़ी, सोहागपुर व खमगांव में दबिश दी। दबिश के दौरान 26 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 28 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 980 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये।

### कुएं में मिला अज्ञात युवक का शव

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम खामापडमा बमनगांव में एक खेत के कुएं में अज्ञात युवक का शव मिला है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीईआरएफ के जवानों ने शव को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, शव पूरी तरह से सड़ चुका था, जिससे बदबू आ रही थी। मृतक ने गुलाबी रंग की शर्ट और सफेद पैजामा पहना हुआ था। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, गांव का ही एक आदिवासी युवक पिछले 15 दिनों से लापता है। शव के कपड़ों को देखकर आशंका जताई जा रही है कि यह उसी लापता युवक का शव हो सकता है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

### बुवाई कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करें

**सीहोर।** रबी फसल गेहूं, चना, मसूर, तिवडा आदि की कटाई के तुरंत बाद पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने पर खेत की तैयारी कर ग्रीष्मकालीन मक्का, भिंडी एवं लोबिया की बुवाई शीघ्र 31 मार्च तक पूर्ण करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार उपयुक्त मिट्टी व बीजोपचार ग्रीष्मकालीन मक्का, भिंडी एवं लोबिया के लिए बलुई दोमट या दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है, जिसका पी.एच. मान 6 से 7 के बीच हो। एक बार मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करने के बाद 2-3 बार कल्टीवेटर से जुताई कर मिट्टी को भुरभुरी व महीन बना लें।

---

फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# जनगणना कार्य में त्रुटि न हो, डेटा संकलन गंभीरता से करें: कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। इस कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा है कि जनगणना में कोई त्रुटि न हो। जनगणना के सभी आंकड़ों के संकलन का कार्य गंभीरता से किया जाए। यह भी ध्यान रखा जाए कि संकलित आंकड़े पूरी शुद्धता से सामने आएं। कलेक्टर श्री जैन गुरूवार को जिला पंचायत के ई-दक्ष केन्द्र में फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में संबोधित कर रहे थे। यह ट्रेनर्स अपने चार्ज क्षेत्र में जनगणना से जुड़े अमले को प्रशिक्षित करेंगे। इस दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत हरदा जिले में कुल 24 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं जो इसके उपरांत प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। मास्टर ट्रेनर एवं जिला प्रभारी आयुषी भावसार तथा मास्टर ट्रेनर योगेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा फील्ड ट्रेनर अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन, तकनीकी पहलुओं एवं संभावित समस्याओं के समाधान के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सभी फील्ड ट्रेनर्स को प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मोबाइल एप के विषय में भी बताया जा रहा है एवं उसकी हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराई जा रही है। मोबाइल ऐप का उपयोग करके ही डाटा का संग्रहण किया जाएगा।

प्रशिक्षण के उपरांत फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे जनगणना कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि जनगणना का कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ होगा, जिसमें चार्ज अधिकारी, फील्ड ट्रेनर एवं जमीनी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पूर्व तैयारी के रूप में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जनगणना कार्य निदेशालय से संयुक्त निदेशक रामावतार पटेल ने भी प्रशिक्षण प्रदाय किए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी रजनी वर्मा सहित प्रशिक्षण से जुड़े अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

---

टिमरनी के रहवासियों को धूल से मिलेगी निजात

# कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए




**सर्विस रोड पर ग्रेवल कार्य कराने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। एचपीवी वैक्सीन की व्यवस्था देखी एवं वैक्सीन लगवाने आई बालिकाओं से चर्चा भी की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिला मुख्यालय पर अजनाल नदी पर गुप्तेश्वर मार्ग पर निर्माणाधीन पुल, टिमरनी में निर्माणाधीन रेल्वे ब्रिज, कमताड़ा में निर्माणाधीन रेल्वे ब्रिज एवं रोलगांव के क्षतिग्रस्त माचक नदी के पुल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने अजनाल नदी पर निर्मित हो रहे पुल को समय सीमा में पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। टिमरनी में ब्रिज के निर्माण होने के कारण बनाये गये सर्विस रोड से उड़ रही धूल से आमजन को हो रही परेशानी के दृष्टिगत सर्विस रोड पर ग्रेवल कार्य कराने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। रोलगांव के क्षतिग्रस्त पुल के समीप से वाहनों के आवागमन के लिये किये गये वेकल्पिक प्रबन्धों का भी कलेक्टर द्वारा इस दौरान निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिमरनी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गहाल में बालिकाओं को लगाये जा रहे एचपीवी वेक्सीन की व्यवस्था देखी एवं वेक्सीन लगवाने आई बालिकाओं से चर्चा भी की। ग्राम मसनगांव में ग्राम पंचायत में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के लिये बनाये गये रिचार्ज पिट का कार्य पूर्ण नहीं पाये जाने पर, उसे पूर्ण करने के निर्देश दिये।

---

## कैम्पस ड्राइव में 39 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में गुरूवार को एक कम्पनी की कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभिरूचि सिंह ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में 39 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। प्राचार्य डॉ. सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 व 28 मार्च को डैकिन एसी कम्पनी की कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस कैम्पस ड्राइव में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल ब्रांच के 2023, 2024, 2025, 2026 बैच के छात्र भाग ले सकते है।

---

गणगौर चल-समारोह में कंचा लगने का मामला

# गुरुमठ में चौपाल: शिवना में शांति, जिंदगी फिर पटरी पर लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

कंचे से कबूतर उड़ाने का एक बालक (8वर्ष) का शौक इतना अधिक भारी पड़ा कि उसके पिता को जेल जाना पड़ा और दो समुदायों में सामाजिक सद्भाव बिगड़ने की नौबत आ गई।

अंततः गुरुमठ में एसडीएम की चौपाल में सभी गिले-शिकवे दूर हो गए और शिवना में शान्ति के बाद एक बार फिर जिंदगी पटरी पर लौट आई है। दरअसल, सोमवार को शिवना में गणगौर पर्व के चल-समारोह में पीछे चल रहे एक शिक्षक की नाक में कंचा लगने से मामले ने तूल पकड़ लिया था। फलस्वरूप बुधवार को एसडीएम भीकनगांव फरहान अख्तर,एसडीओ पुलिस राकेश आर्य,नायब तहसीलदार बर्डे,सीइओ महेंद्रकुमार श्रीवास्तव और थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद पहुंचे थे। इस दौरान गुरुमठ की एसडीएम-चौपाल में करीब दो-ढाई सौ सर्व समाज के लोग शामिल हुए थे। इनमें गणपतसिंह राठौड़, कृष्णपाल सिंह सोलंकी, भगवानसिंह गौड़, सरपंच प्रतिनिधि बबलुसिंह धुर्वे, गोविन्द चौहान, शेरसिंह चौहान प्रमुख थे। जिसमें आरोपी पक्ष से बन्ध-पत्र लेने और उलंघन करने पर भारी धनराशी वसूलने पर सहमति बनी। इसके बाद मुस्लिम समाज के प्रमुखों की ग्राम पंचायत भवन में चौपाल लगाईं गई। जिसमें हाजी मुस्ताक कुरैशी, हाजी अब्दुल अजीज, रसीद पठान, कलीम शेख,शाहरुख बेलीन, साबिक कुरैशी, साबिर शेख और कृष्णपालसिंह सोलंकी एवं सरपंच की ओर से जितेन्द्रसिंह धुर्वे भी उपस्थित थे। इसका सुखद पहलू यह रहा कि कथित आरोपी का किसी ने पक्ष नहीं लिया और गलती के लिए दण्डित करने पर पुलिस एवं प्रशासन से सहयोग करने की बात कही। अंततः मुस्लिम समाज की दो दिनों से बंद दुकानें खुल गई और आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने के दोनों समुदायों के प्रयासों को सफलता मिली। अब शिवना में चहल-पहल शुरू हो गई है। इस प्रशासनिक एवं पुलिस के प्रयासों को सफलता मिलने के बाद वहां आम दिनों की तरह जिंदगी पटरी पे लौट आई है।



---

जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण का भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण जारी

# राहत शिविरों के प्रबंधन व पुनर्वास के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के नेतृत्व में भूकम्प आपदा जोखिम प्रबन्धन एवं ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव का 5 दिवसीय प्रशिक्षण 23 से 27 मार्च तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में जिले के महाविद्यालय के प्रोफेसर, प्राचार्य, विद्यालय के प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं शहरी निकाय के अधिकारी, राष्ट्रीय कैडिट कौर होमगार्ड, एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालेन्टियर एवं स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा जे.एल. कोठारी ने राहत शिविरों का प्रबन्धन, भोजन पानी व स्वच्छता के संबंध में व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण में प्लाटून कमाण्डर जबलपुर संदीप चौधरी ने भूकम्प पुनर्वास के संबंध में जानकारी दी।। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस के द्वितीय सत्र में प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा कोठारी ने आग के प्रकार, फायरएक्टीगुशर के उपयोग व प्रकार, बिल्डिंग स्ट्रक्चर पूटर्न एवं स्ट्रेंथ की जानकारी दी। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर जबलपुर चौधरी ने हीच एवं नोट की जानकारी व प्रेक्टीस तथा अल्पकालीन जीवन रक्षा कौशल बचाव के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में हवालदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर ने आपदा उपकरणों का परिचय दिया तथा परिचालन के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण मे प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड जे.एल. कोठारी, हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर एवं होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




---

# सात साल की मासूम आदिवासी बच्ची का देह व्यापार के लिए अपहरण, 13 दरिंदों को जेल

**सीहोर।** जिले के थाना इछावर क्षेत्र के डुंडलावा गांव में 10 फरवरी 2024 की सुबह आठ बजे एक दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया। एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी में सवार दरिंदों ने जनजाति वर्ग की महज 7 साल की अबोध बालिका को पानी मांगने का झांसा देकर कार में बैठा लिया और रफूचक्कर हो गए। पीड़िता का 5 साल का छोटा भाई आंखें फाड़े देखता रह गया। नानाजी ने जब काफी देर बाद नातिन को बाहर न देखा तो पूरे गांव में हाहाकार मच गया। परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के पूरे इलाके के CCTV फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध सफेद कार शहर से बाहर जाती दिखी। मुखबिरों की सूचना और PSTN डेटा की जांच से पता चला कि अपहरणकर्ता शिवपुरी जिले में छिपे हैं। पुलिस टीमें रात के अंधेरे में शिवपुरी के मायापुर थाना क्षेत्र स्थित कंजरों के डेरे पर टूट पड़ीं और मासूम को सकुशल बरामद कर लिया।

### देह व्यापार के लिए रची गई थी साजिश

पूछताछ में रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आया। आरोपियों ने इस पूरी वारदात को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था। घटना से एक दिन पहले ही गिरोह के कुछ सदस्य घटनास्थल के पड़ोसी गांव में रेकी कर चुके थे। मासूम बच्ची को देह व्यापार के लिए अगवा कर आरोपी सोम कंजर, किरण बेढ़िया, वंदना बेढ़िया और अनुज शिवहरे को बेचा जाना था। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल दोनों कारें, मोबाइल फोन, पीड़िता के कपड़े और मुंह दबाने में इस्तेमाल तौलिया भी जब्त किया।

**13 दरिंदे कटघरे में, पुख्ता सबूतों ने कसा शिकंजा:**पुलिस ने 60 दिन के भीतर 14 आरोपियों के खिलाफ धारा 366(A), 372, 120-B, 75 भादवि सहित पॉक्सो एक्ट और SC/ST एक्ट के तहत चालान पेश किया।

अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 26 गवाहों की गवाही करवाई और 164 दस्तावेज व साक्ष्य प्रमाणित कराए। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने मजबूत पैरवी की। विशेष न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने सभी साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए 13 आरोपियों को दोषी करार दिया।

---

गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया

# टेकरी पर माता रानी और हनुमान जी के मंदिर निर्माण में करेंगे पूरा सहयोग : नपाध्यक्ष राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

चैत्र नवरात्र ग्राम रफीकगंज ढेकिया शनि मंदिर के पास टेकरी वाली मईया के दरबार में पारंपरिक रूप से श्रद्धालुओं के द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। एक प्रयास एनजीओ संस्था ने मंगलवार की रात सेठ जी डेवलपर्स के सहयोग से भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया। माता जगदंबा के दरबार में नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा एकल नृत्य समूह नृत्य और डांडिया गरबा की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन रफीगंज के सरपंच भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज परमार ने माता रानी की आरती में सम्मिलित होकर गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी त्रिलोकचंद्र सिंह राजपाल और रमेश मूंदड़ा के द्वारा माता जगदंबा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का एक प्रयास एनजीओ संस्था अध्यक्ष सन्नी राजपाल और संचालक रजत मुंद्डा ने पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। मातारानी की आरती के उपरांत सीहोर रफीगंज ढकिया गांव से पहुंची सौ से अधिक बालिकाओं ने विभिन्न भक्ति गीतों पर गरबा प्रस्तुत किया। उपस्थित मातृशक्ति और आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित करते अतिथियों ने नवरात्र पर्व की बधाई शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति की प्रशंसा की और भविष्य में भी सभी प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलेख राठौर, तेजवीर मल्होत्रा, आशुतोष गुप्ता, सुनील चावला, मान सिंह सोलंकी, प्रदीप नागिया, चंद्रशेखर व्यास, दिलीप राठौर राजेश नमदेव.अमर सिंह दादा सहित मंदिर समिति सदस्यों ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के ग्रामीण आंचल के हजारों श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। प्रसादी वितरण उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

मोहन सरकार का बड़ा एक्शन

# बाहरी जिलों की टीम ने संभाला मोर्चा, भैरुंदा में डंपर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर/भैरुंदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने जिले में जड़े जमा चुके खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत कर दी है। लंबे समय से चल रहे अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खेल को खत्म करने के लिए शासन ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। अब सीहोर के माइनिंग अधिकारी नहीं, बल्कि इंदौर, रतलाम और रायसेन जैसे दूसरे जिलों के आला अफसरों की एक विशेष जांच टीम जिले में हो रहे अवैध कारोबार की पड़ताल कर रही है।

बता दें भोपाल मुख्यालय से आदेश मिलते ही इस 5 सदस्यीय स्पेशल टीम ने सीहोर की सीमाओं में दस्तक दे दी है। टीम ने अपना एक्शन शुरू करते हुए भैरुंदा क्षेत्र में रेत से भरे डंपर को रोककर वैधानिक कार्रवाई की है। इस अचानक हुई कार्रवाई से स्थानीय माफियाओं और उनके मददगारों में हडक़ंप मच गया है। टीम अब जिले के उन क्षेत्रों की खाक छान रही है, जहां से अवैध रेत का परिवहन लगातार जारी था। मालूम हो यह बड़ी कार्रवाई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में दिशा की बैठक में जताई गई तीखी नाराजगी का सीधा असर मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर शिकायतों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की अनसुनी होने के बाद शासन ने स्थानीय माइनिंग टीम के बजाय बाहरी अधिकारियों को मैदान में उतारने का फैसला किया।